www.newsfolder.in

# न्यूज फोल्डर

NEWS

साप्ताहिक

निर्भीक, निष्पक्ष, बेबाक


ख़बरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9717540051
8802101010

P.O-Regd No. G-3/DL (N)/357/2019-21 Email-nationalnewsfolder@gmail.com

वर्ष 08 अंक 12 | शुक्रवार 24 फरवरी से वीरवार 02 मार्च 2023 | RNI No. DELHIN/2015/65879 | मूल्य 5/- रुपये

KASTURI JEWELLERS
Since 1978
54-55 VASHISTH PARK (SAGARPUR)
opp. SAGARPUR POLICE STAION
M-9818611313


BALAJI ज्वैलर्स
Hallmark Jewellery Also Available
ज्वैलरी खरीदिए अब 3 माह से लेकर 60 महीने की आसान किश्तों पर
Paytm 20% Cash Back On PAYTM Payment
011-65809002, 9213678308 RZ E30, Main Gandhi Markit Sagarpur ND-46
धमाका ऑफर बालाजी ज्वैलर्स देता है आपको मौका मात्र 1000/- रुपए महीना में पाएं 40,000/- रुपए तक के आभूषण या नकद धनराशी*

KANHA FISH AQUARIUM
FISH AQUARIUM, BIRDS FOOD, FISH FOOD, DOGS FOOD & DOGS ACCESSORIES

A UNIT OF KANHA MEHANDI ART
RZF-20, Shop No.-5, Modi Complex. Near Kali Mata Mandir Sagarpur- Call- 97178 34073
सस्ते दामों में बेहतर क्वालिटी का वादा

## हादसा यूपी में ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दादा-पोते की मौत




**सं. किरण शर्मा, न्यूज़ फोल्डर** नई दिल्ली।। महोबा शहर में एक सड़क हादसे में दादा उदित के साथ 6 वर्षीय पोते सात्विक की स्कूटी से जाते वक्त मौत हो गई है। एक तेज रफ्तार डंफर ट्रक आया और उसने दोनो को टककर मारकर बुरी तरह कुचल दिया। टक्कर के बाद स्कूटी को करीब 3 किलोमीटर हाइवे पर घसीटते हुए ले गया था। इस हादसे में दोनों की मौत हो गयी है। 67 वर्षीय उदित नारायण और उनका पोता सात्विक बाजार जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार डंफर ट्रक ने उनके स्कूटर को टक्कर मार दी। उदित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात्विक और दोपहिया वाहन को दो किलोमीटर से अधिक घसीटे गए। ये सड़क हादसा घटना कानपुर-सागर हाईवे NH86 का बताया जा रहा है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। एक वीडियो में ट्रक के पास कई बाइक चालक को सचेत करने की कोशिश करते देखे जा सकते हैं। राहगीरों द्वारा सड़क पर पत्थर और बोल्डर डालने के बाद आखिरकार ट्रक रुक गया। ट्रक चालक की स्थानीय लोगों ने पिटाई कर दी।

### दिल्ली के अंजली केस जैसा

नए साल की शुरूआत में राजधानी दिल्ली में भी हादसा हुआ था जिसमें देर रात अंजली नाम की एक युवती को कार ने टक्कर मार दी थी। टककर के बाद अंजली को स्कूटी सहित 12 किलोमीटर तक घसीटा गया था। इसके बाद यह केस मीडिया जगत की हलचल बना और 11 पुलिसवाले सस्पेंड किए गए। नए साल की रात दिल्लीके कंझावला में हुए अंजलि एक्सीडेंट केस के आरोपियों ने घटना के समय शराब पी रखी थी। अंजली की दोस्त निधी के भी कई खुलासे हुए थे।

## खुली छतों पर परोसा खाना, निगम ने कमाए 5.44 करोड़ रुपए की राजस्व



**सं. गुलशन सैफी, न्यूज़ फोल्डर** नई दिल्ली।। दिल्ली नगर निगम अपने राजस्व के स्त्रोतों के संवर्धन की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है। तात्कालिक दक्षिणी निगम ने रेस्तराओं से सटे खुले स्थानों एवं छतों पर भोजन परोसने की अनुमति प्रदान करने की नीति लागू की थी। इस नीति को निगम की एकीकृत नीति के अंतर्गत तात्कालिक उत्तरी एवं पूर्वी निगम में भी लागू किया गया। निगम की इस नीति को रेस्त्रां मालिकों ने हाथो हाथ लिया एवं निगम के जन स्वास्थ्य विभाग ने खुले में भोजन परोसने के 138 एवं छतों पर भोजन परोसने के 57 लाइसेंस जारी किए जिससे निगम को लगभग 5.44 करोड़ रूपए के राजस्व की प्राप्ति हुई है।इस नीति से आम जनता को भी लाभ प्राप्त हुआ है अब वो भी खुले में प्रकृति के साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं।

## केजरीवाल सरकार करेगी पंजाबी बाग ट्रंक सीवर लाइन की सफाई



**न्यूज़ फोल्डर** नई दिल्ली।। केजरीवाल सरकार, दिल्लीवालों को सीवर की समस्या से निजात दिलाने और सीवरेज नेटवर्क को बेहतर बनाने की दिशा में व्यापक स्तर पर काम कर रही है। इसी कड़ी में उममुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मोती नगर के करमपुरा वार्ड में पंजाबी बाग एसपीएस से शिव मंदिर मनोहर पार्क (पूर्वी पंजाबी बाग) तक ट्रंक सीवर लाइन की सफाई के लिए 64 लाख रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। पंजाबी बाग ट्रंक सीवर लाइन की सफाई होने के बाद मनोहर पार्क, मदन पार्क, चन्नामल पार्क, जयदेव पार्क, पूर्वी पंजाबी बाग के लोगों को सीवर ओवरफ्लो की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली जल बोर्ड को यह कार्य प्रमुखता के आधार पर समयसीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि केजरीवाल सरकार द्वारा मोती नगर के करमपुरा वार्ड में एसपीएस पंजाबी बाग से शिव मंदिर मनोहर पार्क (पूर्वी पंजाबी बाग) तक ट्रंक सीवर लाइन की डिसिल्टिंग की जाएगी। इस लाइन में गाद के कारण सीवरेज के पानी का प्रवाह कम हो रहा है। खासकर बारिश के मौसम में एसपीएस से अत्याधिक पंपिंग के कारण बैक-ओवरफ्लो की स्थिति पैदा हो जाती है। इस वजह से सड़क पर जल भराव की समस्या होती है, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या भी उत्पन्न होती है। साथ ही वाहनों व पैदल चलने वाले लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पंजाबी बाग ट्रंक सीवर लाइन की डिसिल्टिंग के बाद इलाके के लोगों को सीवरओवरफ्लो की समस्या से मुक्ति मिलेगी। साथ ही सुचारू तरीके से सीवर फ्लो हो सकेगा।

## पहले क्यों मनीष सिसोदिया को महात्मा गांधी और शाहिद भगत सिंह की याद नहीं आयी- चौधरी अनिल कुमार



**न्यूज़ फोल्डर** नई दिल्ली।। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सीबीआई के समन में शामिल होने से पहले गांधी समाधि पर प्रार्थना की और शाहिद भगत सिंह का अनुयायी बता कर अपनी तुलना उनसे करी। क्योंकि गांधी जी और शाहिद भगत सिंह जीवन भर शराब के खिलाफ थे, और वे स्वतंत्रता आंदोलन के मार्गदर्शक थे। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि अगर भ्रष्ट शराब नीति को लागू करने में सिसोदिया बेकसूर है तो उन्हें सीबीआई की पूछताछ से डर क्यों लग रहा था? उन्होंने कहा कि सिसोदिया डरे हुए थे कि सत्येंद्र जैन की तरह सलाखों ना चले जाए और कहीं ऐसा न हो कि सिसोदिया केजरीवाल के भ्रष्टाचार और राजनीतिक काले कामों के बारे में बात करें। चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि सीबीआई को सिसोदिया को गिरफ्तार कर जेल में डालना चाहिए, क्योंकि उन्होंने अरविंद केजरीवाल के साथ मिलकर दिल्ली में भ्रष्ट राजनीति की थी ताकि उन लोगों को भी न्याय मिले जिन्होंने उन्हें स्वच्छ और अच्छे सुशासन की उम्मीद में सत्ता में चुना था। चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि जब 6 महीने पहले सीबीआई की प्राथमिकी में आरोप है कि इंडो स्पिरिट्स...शेष भाग पृष्ठ 3 पर

## पुस्तक मेले में UDTS इंट्राडे ट्रेडिंग ब्रह्मास्त्र पुस्तक का हुआ अनावरण

### 30 वर्षीय अनुभवी मनीष तनेजा ने लिखी है बुक



**सं. गुलशन सैफी, न्यूज़ फोल्डर** नई दिल्ली।। राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में पुस्तक मेले के दौरान UDTS इंट्राडे ट्रेडिंग ब्रह्मास्त्र पुस्तक का लोकार्पण किया गया है। इस मौंके पर लेखक मनीष तनेजा यूडीटीएस इंट्राडे ट्रेडिंग ब्रह्मास्त्र जोकि 30 वर्षीय अनुभवी है शेयर मार्किट के, उन्होने कहा कि अकसर लोग शेयर बाज़ार में ट्रैडिंग तो करना चाहते हैं लेकिन जानकारी के अभाव में जोखिम को लेकर असमंजस की स्थिती में रहते हैं उनके लिए यह पुस्तक ब्रह्मास्त्र का काम करेगी।

मुझे तीस वर्ष का अनुभव है मैंने उस तीस वर्ष के अनुभव को पुस्तक में उतारने की ईमानदार कोशिश की है। निश्चित रूप से ट्रैडिंग के लिए आपको जानकारी अवश्य होनी चाहिए। आधे अधूरे ज्ञान के साथ जोखिम लेना उचित नहीं है। जो लोग तकनीकी कोर्स करके आए हैं उनके मुकाबले जो बिना तकनीकी कोर्स वाले व्यक्ति है वह ट्रैडिंग कैसे कर पाएं, इसी बात को आधार बनाकर मैंने इस UDTS इंट्राडे ट्रेडिंग ब्रह्मास्त्र पुस्तक को लिखा है।

वरिष्ठ अनुभवी पुनीत ग्रोवर (आईएफएमसी) ने कहा कि शेयर बाज़ार में अगर आप पैसा कमाना चाहते हैं तो सबसे पहला आवश्यक नियम है कि आप शेयर बाज़ार में पैसा बचाना सीखें, यदि आप पैसा बचाना सीख जाते हैं तो समझिए आप पैसा कमाना सीख गए हैं।

UDTS आप को ट्रैडिंग के लिए निपुण बनाने में सक्षम है। मेरा सुझाव है कि इसे अवश्य पढ़ना चाहिए।

सारिका, मार्केटिंग हेड (आईएफएमसी) ने कहा कि UDTS इंट्राडे ट्रेडिंग ब्रह्मास्त्र आपके लिए सरल तरीके से ट्रैडिंग को समझने का रास्ता है।

## लिव इन रिलेशनशिप को लेकर उठ रहे हैं सवाल, याचिका दाखिल



**लिव इन रिलेशनशिप**

**न्यूज़ फोल्डर** नई दिल्ली।। देश में एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा है कि लिव इन रिलेशनशिप में रहना कितना जायज और लड़कियों के लिए कितना सुरक्षित है? इसी बात को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। अपनी याचिंका में मांग करते हुए लिव इन में रहने वाले जोड़ों का पंजीकरण अनिवार्य करने की मांग की गई है एवं कोर्ट से कड़े नियम और गाइडलाइन बनाने के आदेश देने की मांग की गई है.


इन्हे सख्ती से लागु करने की बात भी कही गई है आपको बता दें कि लिव इन रिलेशनशिप में लगातार बढ़ते धोखे और हिंसक अपराधों को देखते हुए याचिका दायर की गई है।

सुप्रीम कोर्ट के धन्नू लाल बनाम गणेशराम और बदरी प्रसाद, इंद्रा शर्मा सहित कई मामलों में दिए गए फैसले का हवाला देते हुए याचिका में कहा गया है कि कोर्ट उसमें भी मान चुका है कि लिव इन में रहने वाले जोड़ों को भी शादीशुदा की ही तरह माना जाएगा। याचिकाकर्ता वकील ममता रानी ने एक खबरिया चैनल को कहा है कि श्रद्धा कभी निक्की यादव और कभी कोई लेकिन अब कोई और नहीं होना चाहिए। लिव इन रिलेशनशिप के दौरान आए दिन होने वाली हत्या की घटनाओं पर रोक लगाने पंजीकरण की अनिवार्यता के लिए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है.

## झूठी कार चोरी की रिपोर्ट, अपनी कार में लगाई आग



**न्यूज़ फोल्डर** नई दिल्ली।। द्वारका जिला एएटीएस स्टाफ ने कानून की पढ़ाई कर रहे छात्र दीपक को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक दीपक नई कार खरीदना चाहता था। उसके पास एक पुरानी हॉडा सिटी कार थी जिसकी कीमत काफी कम थी। उसने योजनाबद्ध तरीके से कार को आग लगा दी, और उसकी झूठी चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवा दी, जिससे आरोपी बीमे की अधिक रकम वसूल सके। लेकिन एएटीएस स्टाफ ने अपनी सूझबूझ से मामला सुलझाते हुए इस कांड का खुलासा कर दिया है।


Jewelry Insurance
Pays And Gives You Peace Of Mind
Jewellery ON EMI
पहले जेवर लो, पैसा आसान किश्तों में दो
श्री JEWELLERS
SYMBLE OF TRUST
Ensured Gift
Assured gift on every purchase
RZ-17 (998) Gali No. 5, Main Sagarpur Opp Kuan wala shiv mandir Harish Agrawal 9891329728 ---011-28521412

हॉलमार्क सर्टिफाईड 18 कैरेट, 14 कैरेट
Diamond Jewellery
मयूर ज्वैलर्स
विश्वसनीय हितैषी
43 वर्षों से आपका अपना पारिवारिक ज्वैलर्स
हमारी कोई ब्रांच नहीं है।
HUID B.I.S. हॉलमार्क 916 गोल्ड ज्वैलरी के निर्माता एवं विक्रेता
राशि नग, स्टोन मोती माला, रूद्राक्ष, तुलसी, स्फिटिक, चन्दन, जन्त्र-तन्त्र की विश्वसनीय दुकान
सोने, चाँदी, ताम्बे, पंच धातू, राशि नग स्टोन, अंगुठी सोने चाँदी की ज्वैलरी रिपेयरिंग के लिए
ज्वैलरी के काम में पन्सारी की दुकान पुरानी नई ज्वैलरी के फैमली डॉक्टर
9718512667, 9311515210
011-28525913, 011-28520443
011-28524490, 011-28521850
169-B, आज़ाद मार्किट, लाजवंती गार्डन, नई दिल्ली-110046

राजकुमार (राजन)
9312666825